Government of South Australia
Department for Education

Office of the Chief Executive
31 फ़्लीन्डर्स स्ट्रीट
एडिलेड एस ए 5000

जी पी ओ बॉक्स
एडिलेड एस ए 5001
डी एक्स 541

www.education.sa.gov.au

प्रिय माता-पिता और देखभाल कर्ता,

COVID-19 ने व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों के रूप में हमारे लिए सभी प्रकार की चुनौतियों को जन्म दिया है।

हमें यह कहते हुए गर्व है कि हमारे शिक्षक और सहायक कर्मचारी इस अवसर पर खरे उतरे हैं। समुदाय के सदस्य के रूप में होने वाली चिंताओं के बावजूद, वे अपने छात्रों की निरंतर सीख को सबसे आगे रख रहे हैं।

स्कूल और प्री-स्कूल एक आवश्यक सेवा है। ऑस्ट्रेलिया भर के वरिष्ठ विशेषज्ञों की सार्वजनिक स्वास्थ्य सलाह यह है कि वे खुले रह सकते हैं और खुले रहें।

हम अपनी कक्षाओं और खेलने के स्थानों में सामाजिक दूरी और स्वच्छता प्रथाओं पर उनके परामर्श व सिफारिशों द्वारा निर्देशित किए जाते रहेंगे। उच्च गुणवत्ता वाला शिक्षण प्रदान करना जारी रखते हुए, हमारे छात्रों, कर्मचारियों और स्कूल समुदाय की सुरक्षा और भलाई एक सर्वोच्च प्राथमिकता है

जबकि कई लोग COVID-19 के प्रसार को रोकने में मदद करने के लिए घर में रह रहे हैं, हम थम कर खड़े नहीं रहेंगे।

इस अवस्था में हमारा मुख्य ध्यान हमारे बच्चों और युवाओं के लिए सीखने को जारी रखना है। शिक्षक, प्रारंभिक बचपन के शिक्षक, प्रधानाचार्य और विभाग के कर्मचारी इस अभूतपूर्व समय में परिवारों और देखभालकर्ताओं का समर्थन करने के लिए अपनी सेवा लगातार बनाए हुए हैं।

पिछले सप्ताह हमने आवर लर्निंग एसए लॉन्च किया, एक वेबसाइट जिसमें सैकड़ों शिक्षण संसाधनों का संग्रह है ताकि बच्चों और युवाओं को घर पर रहने के दौरान सीखने में मदद मिल सके। एबीसी टीवी कार्यक्रमों के लिंक शामिल हैं जो उच्च गुणवत्ता के हैं और छात्रों को सीखने में सहायता भी कर सकते हैं। यह केवल बढ़ता रहेगा, इसलिए कृपया इसे www.ourlearning.sa.edu.au पर देखें।

हमने वेबसाइट पर परिवारों के अनुभाग के लिए एक सलाह भी बनाई है, जिसमें छात्रों और परिवारों के लिए वीडियो और तथ्य पत्रक शामिल हैं:

- एक सीखने के माहौल की स्थापना
- घर पर रहते हुए खुश और स्वस्थ रहना
- अपने बच्चे के साथ घर पर पढ़ना
- ऑनलाइन सीखने की तैयारी

- COVID-19 के बारे में अपने बच्चे से बात करना

दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था लागू करने में स्कूल और प्री-स्कूली विभिन्न चरणों में हैं। इसके अलावा, हम जानते हैं कि हर बच्चे के घर में कंप्यूटर या इंटरनेट नहीं होता है।

इस सप्ताह, चार विद्यार्थी रहित दिनों के दौरान, हमारे शिक्षक घर पर सीखने को अगले स्तर पर ले जा रहे हैं।

हम हर शिक्षक के लिए वर्चुअल कक्षा के कमरे उपलब्ध करवा रहे हैं, और बिना कंप्यूटर या इंटरनेट के बच्चों को उनकी कक्षा से जोड़ने के तरीकों की जांच कर रहे हैं। साथ ही साथ शिक्षक उन छात्रों के लिए हार्डकॉपी(कागज़ी प्रतियाँ) संसाधनों की तैयारी में भी व्यस्त हैं जिन्हें उनकी आवश्यकता है।

हम लगातार इस बात से प्रभावित हैं कि हमारे कर्मचारी और शिक्षक दूसरी टर्म की तैयारी के लिए किस तरह सहयोग कर रहे हैं। हम सभी इसमें एक साथ हैं।

यदि आपको किसी अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता है या कोई प्रश्न हैं, तो कृपया अपने बच्चे के शिक्षक के साथ काम करें।

सादर,

माननीय जॉन गार्डनर सांसद
शिक्षा मंत्री
7 अप्रैल 2020

रिक पर्ससे
मुख्य कार्यकारी
7 अप्रैल 2020